पंजाब केसरी 16/04/2023

# शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए प्रोफैशनल डिवैल्पमैंट कार्यक्रम का आयोजन




*कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थियों को जानकारी देते प्रोफैसर।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 15 अप्रैल (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग ने गैर-शिक्षक स्टाफ के कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रोफैशनल डिवैल्पमैंट कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ई.आर.पी.) सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूलों का उपयोग सिखाना था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से गैर-शिक्षक स्टाफ ने भाग लिया। यह कार्यक्रम कम्प्यूटर विभाग के एसोसिएट प्रोफैसर डा. सुरजीत सिंह द्वारा आयोजित किया गया था, जो ई.आर.पी. सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ हैं।

डा. सुरजीत सिंह ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और ई.आर.पी. सॉफ्टवेयर व आज के डिजिटल दुनिया में इसके महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने इस सॉफ्टवेयर के विभिन्न मॉड्यूलों जैसे छुट्टी, प्रबंधन प्रणाली, प्रोफ़ाइल संपादन और वेतन पर्चे आदि का विवरण दिया। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विभाग की इस गतिविधि की सराहना की।